भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1408
उत्तर देने की तारीख-09/02/2026

नवोदय विद्यालय समिति में रिक्तियां

†1408. **श्रीमती बाग मिताली:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) में स्वीकृत पदों की संख्या तथा विद्यमान रिक्तियों का विवरण क्या है, जिसमें शिक्षण एवं गैर-शिक्षण दोनों प्रकार के पद शामिल हैं;
(ख) वर्ष 2014 से अब तक देश में एनवीएस में स्थायी पदों (शिक्षण एवं गैर-शिक्षण) पर की गई भर्तियों का वर्ष-वार एवं श्रेणी-वार विवरण क्या है;
(ग) वर्ष 2014 से अब तक एनवीएस द्वारा संविदा आधार पर शिक्षण एवं गैर-शिक्षण पदों पर नियुक्त किए गए कर्मियों की संख्या का वर्ष-वार विवरण क्या है;
(घ) एनवीएस में शिक्षण एवं गैर-शिक्षण पदों पर ईडब्ल्यूएस, ओबीसी तथा एससी/एसटी श्रेणियों से संबंधित अभ्यर्थियों द्वारा भरे गए पदों की संख्या का श्रेणी-वार विवरण क्या है; और
(ङ) क्या एनवीएस में संविदा कर्मियों की नियुक्ति के दौरान आरक्षण मानदंडों का पालन किया गया है, यदि हाँ, तो ईडब्ल्यूएस, ओबीसी तथा एससी/एसटी श्रेणियों से संबंधित संविदा कर्मियों का श्रेणी-वार विवरण क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ङ): नए नवोदय विद्यालय (नवि) खुलने, सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र, कर्मचारियों की पदोन्नति, स्थानांतरण, पद ग्रहणाधिकार पर कर्मचारियों द्वारा अन्य विभाग में जाने और स्कूलों के स्तरोन्नयन के कारण रिक्तियाँ उत्पन्न होती रहती हैं। रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया है और प्रासंगिक भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार रिक्तियों को भरने का प्रयास किया जाता है। बाधारहित शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए नवि में जब भी नियमित और दीर्घकालीन अवकाश के परिणामस्वरूप रिक्तियाँ उत्पन्न होती हैं तब स्वीकृत पदों के सापेक्ष स्थानीय स्तर पर अस्थायी अवधि हेतु अनुबंध के आधार पर शिक्षकों को भी नियुक्त किया जाता है।

नवोदय विद्यालय समिति (नविस) भारत सरकार द्वारा समय-समय पर यथा अधिसूचित आरक्षण मानकों को नविस भर्ती नियमों में शामिल करते हुए सीधी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से नियमित नियुक्तियाँ करता है। विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए कर्मचारियों को अल्प समय के लिए या तात्कालिक आवश्यकता के आधार पर नियुक्त किया जाता है।

दिनांक 31.12.2025 की स्थिति के अनुसार नविस में संस्वीकृत और रिक्त संकाय सदस्यों (शिक्षण) और गैर-संकाय सदस्यों (गैर-शिक्षण) पद नीचे दिए गए हैं:

पद	संस्वीकृत पद	रिक्तियाँ
शिक्षण	17,510	5,083
गैर-शिक्षण	9,324	1,221

नविस द्वारा वर्ष 2014 से शिक्षण और गैर-शिक्षण के नियमित पदों पर की गई भर्ती का वर्ष-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

वर्ष 2014 से नविस में कार्य पर रखे गए शिक्षण और गैर-शिक्षण अनुबंधित कर्मचारियों का वर्ष-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

दिनांक 31.12.2025 की स्थिति के अनुसार नविस में ईडब्ल्यूएस, ओबीसी और एससी/एसटी श्रेणी के शिक्षण और गैर-शिक्षण के लिए भरे गए पदों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

पद	ईडब्ल्यूएस	ओबीसी	एससी	एसटी
शिक्षण	290	4,167	2,051	947
गैर-शिक्षण	145	2,737	1,816	1,018

*****

अनुलग्नक-I

"नवोदय विद्यालय समिति में रिक्तियां" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्रीमती बाग मिताली द्वारा पूछे गए दिनांक 09.02.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1408 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

नविस द्वारा वर्ष 2014 से संकाय (शिक्षण) और गैर-संकाय (गैर-शिक्षण) के नियमित पदों पर की गई भर्ती का वर्ष-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा

वर्ष	शिक्षण पद					गैर शिक्षण पद					
	अनारक्षित	ईडब्ल्यूएस	ओबीसी	एससी	एसटी	अनारक्षित	ईडब्ल्यूएस	ओबीसी	एससी	एसटी	कुल
2014	35	-	28	6	2	30	-	24	15	9	**149**
2015	105	-	48	27	12	19	-	16	5	8	**240**
2016	3	-	1	1	2	4	-	2	2	3	**18**
2017	233	-	174	110	108	3	-	1	3	-	**632**
2018	204	-	119	72	57	22	-	41	16	11	**542**
2019	63	-	64	25	10	23	-	18	4	5	**212**
2020	138	22	118	63	15	26	-	26	17	13	**438**
2021	319	105	417	207	106	73	3	62	50	29	**1371**
2022	110	34	128	41	23	137	21	122	49	36	**701**
2023	492	109	532	205	84	179	53	419	137	72	**2282**
2024	140	20	95	59	26	39	20	112	36	20	**567**
2025	-	-	-	-	-	427	54	86	151	42	**760**
कुल	**1842**	**290**	**1724**	**816**	**445**	**982**	**151**	**929**	**485**	**248**	**7912**

*****

<u>अनुलग्नक-II</u>

"नवोदय विद्यालय समिति में रिक्तियां" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्रीमती बाग मिताली द्वारा पूछे गए दिनांक 09.02.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1408 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

वर्ष 2014 से नविस में नियुक्त संकाय (शिक्षण) और गैर-संकाय (गैर-शिक्षण) के अनुबंध कर्मचारियों का वर्ष-वार ब्यौरा

वर्ष	शिक्षण	गैर-शिक्षण	कुल
2014	2189	268	2457
2015	2683	263	2946
2016	2794	299	3093
2017	2671	414	3085
2018	2667	439	3106
2019	3040	494	3534
2020	2953	1031	3984
2021	2403	1055	3458
2022	2155	1185	3340
2023	2500	874	3374
2024	3237	1262	4499
2025	3437	1432	4869

*****